-:प्रेस नोट:-

दिनांक-
04.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **शासन द्वारा चलाये जा रहे वन महोत्सव के क्रम में पुलिस लाइन में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता का दिया गया संदेश।**

विवरण-उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 01 जुलाई से 07 जुलाई तक चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण जन अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया गया। वन महोत्सव के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देश के क्रम मे पुलिस लाइन सहित सभी थानों एवं कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा अभियान में 16 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र, डीएफओ श्री अरविन्द कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री गवेन्द्र पाल गौतम, क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुंजा त्रिवेदी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन श्री वेदमणि मिश्र आदि ने भी वृक्षारोपण किया।